an>

Title: Need to formulate 'Pradhanmantri Setu Yojana' for the construction and renovation of bridges and culverts.

श्री अजय निऐाद (मुजफ्फरपुर) : अध्यक्ष महोदया, आज दुनिया चांद और मंगल ग्रह की ओर बढ़ रही है और हम अभी भी बांस के छजे हुए पुलों पर चल रहे हैं। मेरी इस पीड़ा को माननीय नितिन गडकरी जी ने समझा और एक नया राजमार्ग 527 हमें दिया। मैं क्षेत्र की जनता और अपनी ओर से माननीय मंत्री जी को ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं और बधाई देता हूं।

महोदया, माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेद्र भाई मोदी जी की जितनी भी योजनाएं हैं, सब जमीनी स्तर पर उतर रही हैं। मैं एक छोटा सा उदाहरण दूंगा, मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र गया घाट प्रखंड के जारनगांव की एक अनाथ लड़की है, इसका नाम उर्मिला है। उसने कर्ज लेकर वहां पर शौचालय बनवाया। मीडिया ने इस बात को उछाला तो माननीय मुख्य मंत्री जी ने उसे अपने पास बुलाया और उसे ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। मीडिया के माध्यम से जब मुझे पता चला तो मैं उसके घर पर गया। उसकी इस बात से प्रेरणा लेकर मात्र 25 दिनों में सारे गांव में शौचालय बन गये और पूरा गांव ओडीएफ हो गया।

मैंने अपनी ओर से प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना के तहत उसे गैस कनेक्शन दिया, प्रधान मंत्री अटल ज्योति योजना की तरफ से उसे एक सोलर लाइट दी और उसका प्रधान मंत्री जीवन सुरक्षा बीमा कराया तथा उसका प्रीमियम मैंने अपनी तरफ से दिया। आज जमीनी स्तर पर सारी योजनाएं उतर रही हैं। लेकिन ग्रामीण परिवेश में पुल-पुलिया की बहुत ज्यादा कमी है और हम लोगों को बहुत ज्यादा घूमकर वहां जाना पड़ता है। इस कारण ईंधन भी बहुत ज्यादा व्यर्थ होता है और हम लोगों को क्रूड ऑयल बाहर से खरीदकर लाना पड़ता है।

मैं आपके माध्यम से केद्र सरकार से मांग करता हूं कि अन्य योजनाओं की भांति एक नई प्रधान मंत्री सेतु

योजना भी शुरू की जाए, उससे ग्रामीण परिवेश के जितने भी यहां सांसद हैं, उन सबको फायदा होगा और लोगों को बहुत ज्यादा सुविधा मिलेगी और उनका समय भी बहुत कम लगेगा। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री राघव लखनपाल,

श्री हरीश मीणा तथा

श्री राहुल कास्वां को श्री अजय निऐाद द्वारा उठाए गए विऐाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।